आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.11.2025 **समय : 0705**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के पच्चीस वर्श पूरे होने के अवसर पर कई विकास परियोजनाओं का भुभारंभ करेंगें।**
- **आज द्वीप समूह का स्थापना दिवस है– उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने नए सम्पर्ण और एकता के साथ मिलकर काम करने की अपील की है।**
- **सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयन्ती के अवसर पर द्वीपसमूह में कई कार्यकमों के आयोजन किए गए।**
- **भारत को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दिये गये।**

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ जायेंगे और राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह तथा अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। श्री मोदी सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्रों की 14 हजार 260 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ भी करेंगे। श्री मोदी नवा रायपुर अटल नगर स्थित छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री नए विधानसभा भवन का उद्घाटन भी करेंगे और इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।

<><><><><><><>

आज अंडमान निकोबार द्वीप समूह का स्थापना दिवस है। इस अवसर पर द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीप समूह के सभी निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने कहा निकोबार द्वीप समूह भारत की विविधता में एकता का सच्चा प्रतिबिंब है, जिसे अक्सर "मिनी इंडिया" कहा जाता है। हमारे द्वीपों की जीवंत संस्कृति देश के विभिन्न हिस्सों की परंपराओं और रीति–रिवाजों का एक सामंजस्यपूर्ण मिश्रण है, जो हमारी स्वदेशी जनजातियों की विशिष्ट विरासत से समृद्ध है। हमारे द्वीप राष्ट्र के इतिहास में एक गौरवशाली स्थान रखते हैं। उन्होंने कहा विनाशकारी सुनामी सहित कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, द्वीपवासियों के लचीलेपन और दृढ़ संकल्प ने इस द्वीपसमूह को एक समृद्ध और प्रशंसनीय गंतव्य में बदल दिया है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सद्भाव और प्रगति के लिए जाना जाता है। स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने द्वीपवासियों को एक मजबूत, प्रगतिशील और विकसित भारत के साझा दृष्टिकोण को साकार करने के लिए नए समर्पण और एकता के साथ मिलकर काम करने की अपील की है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेशों चंडीगढ़, दिल्ली, लक्षद्वीप औरपुडुचेरी के स्थापना दिवस के अवसर पर द्वीप समूह में रहने वाले इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भारत की विविधता में एकता के समृद्ध स्वरूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस दिवस को मनाते हुए, हम संस्कृति, कृषि, उद्योग, नवाचार और शासन के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों का सम्मान करते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि ये सभी क्षेत्र अपनी विशिष्ट पहचान और उपलब्धियों के साथ विविधता में एकता की शक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं – जो एकभारत, श्रेष्ठ भारत का सार है। उन्होंने कहा कि यह स्थापना दिवस हमारी सामूहिक विरासत पर गर्व करने की प्रेरणा देता है और एक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए मिलकर काम करने के हमारे संकल्प को मजबूत करता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सभी लोगों के प्रयासों से देश विज्ञान और नवाचार क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है। आत्मविश्वास से भरा आत्मनिर्भर भारत अब पूरे विश्व को प्रेरित कर रहा है। इस क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में हुई प्रगति के बारे में एक अंग्रेजी दैनिक में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के लेख को साझा करते हुए श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत डिजिटल इंडिया से डीप–टेक और चंद्रयान से जैव अर्थव्यवस्था तक नये आयाम स्थापित कर रहा है।

<><><><><><><>

नरेन्द्र मोदी सरकार ने 22 सितंबर को वस्तु और सेवाकर दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। जिससे पूरे देश के साथ द्वीपवासियों को भी लाभ हुआ।

<><><><><><><>

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर, राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के अंतर्गत, गुजरात के केवड़िया स्थित एकता नगर में एक भव्य एकता दिवस परेड का आयोजन किया गया। जिसमें द्वीप समूह की झांकी प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने में विशिष्ट रही। इस प्रदर्शनी में द्वीपसमूह की समृद्ध वनस्पतियों, जीवों, जनजातीय जीवन और समुद्री जैव विविधता को दर्शाया गया।

इस उपलक्ष्य में द्वीपसमूह के महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 26 पुलिस स्टेशनों, 08 पुलिस इकाइयों और 04 अग्निशमन केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस उपलक्ष्य में अंडमान निकोबार पुलिस की सभी इकाइयों की टुकड़ियों की एक भव्य एकता दिवस परेड ने अनुशासन, राष्ट्रीय एकता और सामूहिक गौरव की भावना को और उजागर किया। यह आयोजन भारतीय पुलिस सेवा के निर्माता के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल के दृष्टिकोण की याद दिलाता है, जिसने व्यावसायिकता, एकता और जन सेवा के प्रति नई प्रतिबद्धता को प्रेरित किया। अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस 2025 का आयोजन "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के सार को दर्शाता है, जो पूरे द्वीप समूह में एकता, सेवा और राष्ट्रीय अखंडता के आदर्शों को सुदृढ़ करता है।

<><><><><><><>

भारत को "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के अंतर्गत तीन गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड दिया गया है। 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक चले इस अभियान में अभूतपूर्व सामुदायिक भागीदारी रही। इस पहल से कई रिकॉर्ड बने, जिसमें एक महीने में स्वास्थ्य सेवा प्लेटफ़ॉर्म पर पंजीकरण कराने वाले तीन करोड 21 लाख से अधिक लोग शामिल हैं। ये उपलब्धियां भारत के सामूहिक प्रयास का प्रमाण हैं, जिसमें सरकारी प्रणाली, डिजिटल स्वास्थ्य नवाचार और सामुदायिक भागीदारी को मिलाकर एक स्वस्थ महिला, सशक्त परिवार और विकसित भारत का निर्माण किया गया है।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग ने श्री विजयपुरम ग्रिड में 2.5 मेगावाट अतिरिक्त बिजली जोड़कर क्षेत्र के बिजली छमता को 33 मेगावाट से बढ़कर 38.5 मेगावाट कर दिया है। विभाग ने बम्बूफ्लाट पावर प्लान्ट के डीजन जनरेटरों को भी पुनर्जीवित किया है जिसे कुल उपलब्धता लगभग 39.5 मेगावाट तक पहुंच जाएगी। इसके अलावा, फीनिक्स बे पावर हाउस में नए 2.5 मेगावाट क्षमता वाले डीजल जनरेटर के नवंबर तक पूरा होने की उम्मीद है। विभाग ने उपभोक्ताओं को पी एम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफ टॉप सोलर सिस्टम लगाने के लिए भी प्रेरित किया है ताकि आत्मनिर्भता और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।

<><><><><><><>